"हिन्दी भाषा राष्ट्र निर्माण में सहायक है।"

कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान)

Principal Controller of Defence Accounts (CC)

1, करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी-226002

1, Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

दूरभाष सं. 8887141546/48 Ext. 328 Email.: pcdacchindicell.dad@nic.in

वैबसाइट के माध्यम से

सं.प्रशा. /1025/ हिं.क./पखवाड़ा/2023 दिनांक : | .08.2023

सेवा में,

संगठन के सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषयः हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़ा का आयोजनः वर्ष -2023

रक्षा लेखा विभाग के कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस /हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता रहा है। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सितंबर माह में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाना है।

उपर्युक्त आयोजन हेतु प्रत्येक स्टेशन पर संगठन के अधीन कार्यरत उपकार्यालयों में से एक कार्यालय को **नोडल कार्यालय** के रूप में चिह्नित किया गया है। सभी उपकार्यालयों से अनुरोध है कि उस स्टेशन पर स्थित नोडल कार्यालयों के साथ मिलकर दिनांक 14.09.2023 से 29.09.2023 की अवधि में हिंदी पखवाड़ा मनाया जाए। सभी कार्मिकों को राजभाषा से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, 1963 एवं राजभाषा नियम, 1971 से अवगत कराने के प्रयत्न किए जाएं। साथ ही उनके सरकारी कार्य में सरल हिन्दी के प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएं और इसमें सम्मिलित होने के लिए अधिकाधिक कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाए।

प्रत्येक स्टेशन पर स्थित नोडल कार्यालयों को स्वीकृत धनराशि की सूचना तथा प्रतियोगिताओं हेतु अन्य निर्देश अलग से प्रेषित किए जा रहे हैं।

क्रम संख्या	स्टेशन	नोडल कार्यालय
1	प्रयागराज	क्षेत्रीय लेखा कार्यालय ,1 अ अशोक मार्ग, प्रयागराज छावनी
2	कानपुर	क्षेत्रीय लेखा कार्यालय,कानपुर छावनी-04
3	फतेहगढ़	वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) आर.आर.सी. फतेहगढ़ छावनी
4	वाराणसी	वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) 39 जी टी सी वाराणसी
5	झाँसी	स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (सैन्य) झांसी
6	बबीना	स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (सैन्य) बबीना
7	फैजाबाद	वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) डी आर सी , फैजाबाद *
8	लखनऊ	वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) सै.चि.द. लखनऊ *

***(i)** वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) सै.चि.द. लखनऊ एवं वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) 11 जी आर आर सी लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा। **(ii)** वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे.) डी आर सी, फैजाबाद एवं लेखाधिकारी, दुर्ग अभियंता (वा.से.) , गोरखपुर द्वारा संयुक्त रूप से हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा।

सभी से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुये कार्यक्रम आयोजित करें। कृपया पखवाड़े के समापन पर एक विस्तृत रिपोर्ट मुख्य कार्यालय, लखनऊ को प्रेषित की जाए।

वरि.लेखाधिकारी (रा.भा.)